नवभारत टाइम्स

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 20 जनवरी 2021 www.delhi.nbt.in

सोमवार के मुकाबले मंगलवार को स्कूल पहुंचे ज्यादा स्टूडेंट

■ शमसे आलम, नई दिल्ली

कई जगह मंगलवार को पैरंट्स भी स्कूलों का जायजा लेने पहुंचे

सोमवार के मुकाबले मंगलवार को प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में अधिक स्टूडेंट्स पहुंचे। वहीं कुछ पैरंट्स भी स्कूलों का जायजा लेने पहुंचे, जहां सब कुछ बेहतर होने पर खुशी जाहिर की और बच्चों को भेजने पर भी सहमति जताई।

स्कूल के फ्लोर पर की मार्किंग: एमएम पब्लिक स्कूल (वसुधा एनक्लेव, पीतमपुरा) में दूसरे दिन मंगलवार को 12वीं में कॉमर्स और आर्ट्स के 100 पर्सेंट स्टूडेंट्स पहुंचे। 10वीं में क्लास में दूसरे दिन 20 पर्सेंट स्टूडेंट्स अधिक आए। एमएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक ने बताया कि एक कमरे में 12 ही स्टूडेंट्स बैठाए जा रहे हैं। सरकार की ओर से जारी गाइडलाइंस का हम पूरी तरह पालन कर रहे हैं। एंट्री गेट पर तैनात सिक्यॉरिटी गार्ड सबसे पहले यह चेक करते हैं कि स्टूडेंट्स ने मास्क पहना है या, नहीं, मंगलवार को भी सभी स्टूडेंट्स गेट पर ही टेंपरेचर चेक किए गए। फिर हाथ सैनिटाइज गए, बैग भी सैनिटाइज किए गए। क्लास में पहुंचने के बाद स्डूटेंट्स को फेस शील्ड भी दिए गए। स्टूडेंट्स से कहा जा रहा है कि कोई भी किसी से हाथ ना मिलाए। स्कूल के फ्लोर पर जो मार्किंग है, उसके अनुसार ही चलें।

दूसरी दिन 40%स्टूडेंट्स आए: रोहिणी के वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल में दूसरे दिन बच्चों की संख्या बढ़कर 40 फीसदी तक पहुंच गई है। चेयरमैनए एसके गुप्ता का कहना है कि 50 फीसदी पैरंट्स की सहमति मिल गई है और एक क्लास में 12 से 15 स्टूडेंट्स को ही बिठाया जा रहा है। क्लास में एंट्री से पहले टेंपरेचर जांच होती है और हाथ सैनिटाइज करवाए जाते हैं। स्कूल की मैनेजर प्रमिला गुप्ता के मुताबिक स्कूल का पूरा स्टाफ सुबह गेट से लेकर क्लासरूम तक मॉनिटरिंग करता है और बच्चों का बैग भी सैनिटाइज किया जाता है।

पैरंट्स भी बच्चों को छोड़ने आ रहे हैं और पैरंट्स को यह विश्वास दिलाया जा रहा है कि जो भी प्रोटोकॉल है, उसका पूरी तरह से पालन किया जा रहा है।

पैरंट्स पहुंचे स्कूल का जायजा लेने: नरेला सेक्टर ए-10 के राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय में सोमवार के मुकाबले को 10वीं और 12 वीं के स्टूडेंट्स अधिक पहुंचे। अब पैरंट्स भी सहमति दे रहे हैं। टीचर्स आने वाले पैरंट्स को बता रहे हैं कि यहां सेफ्टी के सभी इंतजाम हैं।